स्वदेशी एंटीबायोटिक नैफिथ्रोमाइसिन

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में भारत नेरोगाणुरोधी प्रतिरोध (Antimicrobial Resistance- AMR) से निपटने के उद्देश्य से भारत की पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक नैफिथ्रोमाइसिन लॉन्च की।

नैफिथ्रोमाइसिन को जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (BIRAC) के सहयोग से विकसित किया गया तथा वॉकहार्ट द्वारा इसे मिक्नाफ ब्रांड नाम के तहत इसका विपणन किया गया था।
नैफिथ्रोमाइसिन 30 वर्षों में अपनी श्रेणी का पहला नया एंटीबायोटिक है, जो AMR के विरुद्ध लड़ाई में एक बड़ी सफलता है। इसेसामुदायिक-अधिग्रहित जीवाणुजनित निमोनिया (CABP) के उपचार के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया जैसे दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया के कारण होता है।
यह लॉन्च विश्व AMR जागरूकता सप्ताह (18-24 नवंबर) 2024 के अवसर पर हो रहा है, जिसका विषय है'एक साथ रोगाणुरोधी प्रतिरोध को रोकना'।

//

अधकि पढ़ें: रोगाणुरोधी प्रतरिोध

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indigenous-antibiotic-nafithromycin